कारगिल विजय-दिवस

[स्रोत: बिजनेस स्टैंडर्ड](#)

भारत में **1999 के कारगिल युद्ध** में लड़ने वाले भारतीय सैनिकों की बहादुरी के सम्मान में प्रतिवर्ष 26 जुलाई को [कारगिल विजय दिवस](#) मनाया जाता है।

- जुलाई 2025 में 26वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर, भारतीय सेना ने सैनिकों की वीरता और बलिदान को सम्मानित करने के लिये तीन प्रमुख पहलें शुरू कीं।
  - इनमें **ई-श्रद्धांजलि पोर्टल**, **कारगिल युद्ध** की कहानियाँ साझा करने वाला **QR कोड आधारित ऑडियो ऐप और बटालिक सेक्टर में नियंत्रण रेखा (LoC) पर नया दृष्टिकोण** शामिल है।
- कारगिल युद्ध की शुरुआत 1999 में **लाहौर घोषणा पत्र (Lahore Declaration)** के तुरंत बाद हुई। इस समझौते का उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच शांति और भरोसे को बढ़ावा देना था। हालाँकि इसके कुछ ही समय बाद **पाकिस्तानी सेना और घुसपैठियों ने चुपचाप लद्दाख के कारगिल जिले की रणनीतिक पहाड़ियों पर कब्जा** कर लिया। ये क्षेत्र सर्दियों के कारण उस समय भारतीय सेना द्वारा अस्थायी रूप से खाली किये गए थे।
  - इसके जवाब में भारतीय सेना ने **"ऑपरेशन विजय"** (Operation Vijay) नामक सैन्य अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य **लद्दाख के कारगिल क्षेत्र में कब्जा की गई ऊँचाइयों को फिर से अपने नियंत्रण में लेना** था।
  - भारतीय वायुसेना ने **"ऑपरेशन सफ़ेद सागर"** (Operation Safed Sagar) लॉन्च किया, जिसके तहत दुश्मन की **ऊँची और दुर्गम पहाड़ियों पर स्थित ठिकानों को लक्षित किया गया**।
    - वहीं भारतीय नौसेना ने **"ऑपरेशन तलवार"** (Operation Talwar) की शुरुआत की, जिसके अंतर्गत **अरब सागर में दबाव बनाते हुए पाकिस्तान की समुद्री गतिविधियों पर नज़र रखी गई और रणनीतिक घेराबंदी की गई**।
  - यह युद्ध **टोलोलिंग, टाइगर हिल, द्रास और बटालिक जैसे प्रमुख क्षेत्रों** में चुनौतीपूर्ण भूभाग पर लड़ा गया था।
- **ऑपरेशन विजय की सफलता** के सम्मान में **वर्ष 2000 में द्रास, लद्दाख में कारगिल युद्ध स्मारक** का निर्माण किया गया था।
- दिल्ली में **राष्ट्रीय युद्ध स्मारक** प्रमुख संघर्षों के सैनिकों को सम्मानित करता है, जिनमें वर्ष 1962 में **चीन-भारत युद्ध, 1947, 1965 और 1971 में भारत-पाक युद्ध, 1987-90 में श्रीलंका** में भारतीय शांति सेना के अभियान और 1999 में कारगिल संघर्ष शामिल हैं।

और पढ़ें: [कारगिल विजय दिवस](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kargil-vijay-diwas-3